SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA : I submit that the enhancement of the rate from Rs. 2 to Rs. 5 for one call unit in rural areas is excessive. He may consider to reducing it and making it from Rs. 2 to Rs. 3 instead of Rs. 5. Then, coming to page 4 of his statement,, he says that in all systems of more than 30,000 lines capacity, five minutes will be the maximum duration which will be metered @ one call unit. If it exceeds five minutes, then he will be charged for another five minutes, whether he uses it for five minutes or not. May I request the Minister that for every one minute in excess of five minutes, he should be charged Re. 1 instead of a flat rate of Rs. 5 ? Will he consider that after five minutes, every minute will be separately chanrged ?

Then it is said that the fax machines and computers hold up the lines for a long time. Generally the normal subscribers do not hold up the line that long. They limit it to three minutes. Therefore, the increase in the rate should be applicable only to the fax machines and computers and not to others who do not use the line for long durations.

SHRI SOM PAL (Uttar Pradesh) : Mr. Vice-Chairman, Sir I congratulate and compliment the Communications Minister for revolutionising the communication system of India, particularly the rural India, and integrating the whole nation on the communication network. Many facilities have been allowed by the Communications Department like dynamic STD code, conference within the exchange and between one exchange and another, hotlines within the exchange and many other facilities which are very welcome features of the communication system. All of them are very efficiently operating, at least in cities like Delhi where electronic exchanges are functioning. But in granting these facilities, the Department has been showing a very callous attitude and all the users have been harassed and embarrassed. I will cite my own case. My own telephone—it is in my name—bearing number 5501770—if you wish, I can write to you—was shifted about a year back. But so far a new apparatus has not been provided to me. I am using an old instrument which was lying with me when I shifted my business and I am managing with it. This is my personal experience. And I say this will full responsibility. Two : Delay in shifting this very telephone. Even after the issuance of the OB number, it took more than a year and I had to go to the office thrice. Only after issue of the OB a third time that this telephone was shifted. Third : I had sought the provision of dynamic STD code more than six months ago from the Area Manager (West) for my other telephone No. 5555366. My house is in Janakpuri. This telephone is in my father's name. This has not been provided so far. There is a phone in Sarita Vihar which belongs to one of my cousions. I had requested the honourable Minister and he assured me— and the language used by Mr. Pilot in his letter was— that it had been ordered to be shifted immediately in February, and still it has not been implemented. I will give you the photocopy of that letter; I am not carrying it with me just now.

Fourthly, there is a phone in the name of my wife and the number is 6449489.

SHRI RAJESH PILOT : You have so many phones!

SHRI SOM PAL: She has a business and it is in South Extension. She had applied for a dynamic STD code and three times the letter came back saying that the signature did not tally and I as a Member

of Parliament had to certify that. It could be verified on phone. What is the use of having such a communication system where you need letters to travel for six months and still it is not being implemented and nothing is done ? It is a very small matter and there is unnecessary harassment.

I would like the honourable Minister to consider all these things. When he is revolutionising the whole system, at least let him have a look at the procedures. Once these things are applied for, there should be some time-limit and it should be seen that within that period all these are granted. 1 say this because this will create additional revenues for the Department and it will earn them goodwill also and reduce the difficulties of the subscriber in a big way.

There is another fact which has come to my notice and it is that certain machines have been developed abroad and imported in India by certain private citizens which can doze the meter. I would like to know whether the Minister has come across such information and, if he has not, let him kindly check up.

Then, there is a racket which is going on and to which everybody has referred. I made a call to Mekrana about three months back and, after a month of that call, I received a call from the Cannaught Place Trunk Exchange. A lady called me and asked me whether I wanted to make trunk calls very frequently. I do not want to mention her name because, otherwise, she may be hurt. She said that if it was so, I could have an arrangement for ten rupees within a few minuutes. If you wish, I can give you the name.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Yes, Mr. Chhotu-bhai Patel.

श्री छोटुभाई पटेल (गुजरात) : सर, यह नाइनटीज डिकेड में कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है और खुशी की बात है कि यह कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट एक सक्षम हाथों में अब चल रहा है । उपसभाध्यक्ष जी The statement has been drafted very nicely. The statement itself speaks of the competence and efficiency of the honourable Minister.

मैं इसमें न एडीशन करना चाहता हूं, न आल्टरेशन करना चाहता हूं और न डिलीशन करने की जरूरत मझे लगती है। The planning and programme made by the. honourable Minister has been made with total intelligence. I would like to know from the Minister whether he is going to implement this Group Dialling System work efficiently.

आप सक्षम हैं, तो मैं चाहूंगा कि यह सिस्टम जो है सारे देश में पूरी सक्षमता से आप अमलीकरण करायेंगे । नंबर दो, सर, कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट आपके डिपार्टमेंट में आप लाग करने जा रहे हैं या नहीं जा रहे हैं? Thirdly, there are so many families which are staying abroad.

प्रतिशत भी वह संतुष्ट नहीं है तो मैं नवसारी में ई 10 बी एक्सचेंज आप मैनुअल की बजाए लगाने जा रहे हैं तो अभी जो मैनुअल एक्सचेंज वहां है तो 50 प्रतिशत जो रहते है उसको आप सन्तुष्ट कर पायेंगे ? मैं चाहूंगा कि इस नवसारी के बारे में आप पूरा ध्यान देंगे और वहां की जनता को सन्तुष्ट करने का पूरा प्रयास करेंगे ।

दोबारा मैं आपको धन्यवाद दे रहा हूं ।

श्री शान्ति त्यागी : माननीय वाईस चेयरमैन, ग्रामीण भारत को माननीय संचार मंत्री जी से बड़ी आशाएं हैं और मैं विश्वास करता हूं कि आशाएं ग्रामीण हिन्दुस्तान की वह पूरी करेंगे और जो योजना आज ग्रुप डायलिंग फैसिलिटी की उन्होंने इसी सदन में रखी है वह इस बात की निशानी है और गारंटी है कि वह ग्रामीण क्षेत्र में टेलीकम्युनिकेशन के नेटवर्क का आइंदा आने वाले टाइम में पूरा जाल बिछा देंगे ।

यह विश्वास लेकर में चल रहा हूं । मैं उन्हें मुबारकबाद देना चाहता हूं और साथ ही यह

[श्री शांति त्यागी]

भी कहना चाहता हूं कि मंत्री जी आप तो देहात में घूमे हैं, आपने देखा है कि वहां किस तरह से बिजली की लाइंस लगी हुई है, उनके खंभे गढ़े हैं ? वहां लगे बिजली के तार भी आपने देखे हैं और हम लोगों ने भी देखा है कि वे ढीले-ढाले लटके हुए हैं । इसलिए माननीय मंत्रीजी मैं आपसे यह कहूंगा कि जब इतना बड़ा नेटवर्क आप खड़ा कर रहे हैं तो आप आपने विभाग के लोगों को कहें और मुझे आशा है कि आप कहेंगे कि ये लाइंस टेंपरेरी नहीं है । आइंदा जो भारत आप बना रहे हैं, उसमें ये लाइंस मुस्तकिल हैं और इसलिए आप खंभों का और तारों का काम ऐसा कराएं कि वह एक सदी तक काम दे यह नंबर एक बात हुई । दूसरी बात मैं यह पूछना चाहता हूं कि लाइंस में फाल्ट होंगे, अपरेटस में फाल्ट होंगे; एक्सचेंज में फाल्ट होंगे बड़ी मशीनरी आप इन फाल्टस को ठीक करने और काफी वाली खड़ी करेंगे । इस सबके लिए आप पूरा इंतजाम करेंगे यह मैं आपसे आशा करता हूं ।

अंत में एक छोटा सा सवाल यह करना चाहता हूं कि आपने यह ग्रुप डायलिंग स्कीम शुरू की है । मैंने इसे पढ़ा है, लेकिन सच्ची बात यह है कि इसकी डिफिनीशन क्या है इन टर्मस आफ विलेजेज; इन टर्म्स आफ उपभोक्ता, इसे आप कुछ भी कहिए, यह अभी तक समझ में नहीं आयी है । उसे आप क्लैरीफाय करें और जो लाइंस खींचनेवाली बात और बाद में फाल्ट आएंगे एक्सचेंज में भी आपरेटस में भी तो उनको ठीक करने की मशीन भी खड़ी करनी चाहिए ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको बहुत-बहुत मुबारकबाद देता हूं कि आपने ग्रामीण भारत की लाज रखी उसके विकास के लिए इंतजाम किया ।

कुमारी सईदा खातून (मध्यप्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी को दो-तीन सुझाव देते हुए यह कहना चाहूंगी कि माननीय मंत्रीजी से कि संशोधित योजना के साथ-साथ एक स्कीम शुरू करने का प्रस्ताव आप बता रहे है जिसके जरिये एक-दूसरे के आस-पास स्थित और एक सीमा वाले दो टेलिफोन प्रणालियों के उपभोक्ता कम दर पर अपनी बातें कर सकेंगे, तो माननीय मंत्रीजी को मैं यह सुझाव दूंगी कि यह स्कीम जब आप शुरू करेंगे तो हमारे परम आदरणीय स्वर्गीय श्री राजीव जी के जन्म दिन, 20 अगस्त तक अगर आप यह स्कीम शुरू कर दें तो हम आपके बहुत आभारी रहेंगे ....**(व्यवधान)**... नहीं, शुरू कहां हुई है ? उन्होंने बताया है कि यह संशोधित प्रसारण योजना के साथ-साथ एक स्कीम शुरू करने का प्रस्ताव भी इनके सामने है

उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरा दूसरा सुझाव यह है कि जैसे कि हम कंजयूमर्स के प्रोटेक्शन की बात करते हैं । आपके विभाग में भी कंजूमर्स को प्रोटेक्शन मिलता है । मैं खुद भी कंजूमर्स प्रोटेक्शन काउंसिल की मेंबर हूं । तो हम लोग टेलिफोन विभाग और दूसरे विभागों में कंजूमर्स प्रोटेक्शन की बात करते हैं, पर हम एम० पी० लोग भी कंजूमर्स है और भले ही हम कंजूमर्स के प्रोटेक्शन की बात करते हैं, लेकिन हम भी आपसे प्रोटेक्शन चाहते हैं क्योंकि हम एम० पीज० के पास और खास तौर से लेडीज एम० पीज० के पास काफी धड़ाके से बिल आए हुए हैं । दो लाख से लेकर, चार लाख व आठ लाख तक के बिल आए हुए हैं जबकि हम लोगों को इतनी फुर्सत ही नहीं रहती टेलिफोन पर बात करने की इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करती हूं । धन्यावाद ।

श्रीमती वीणा वर्मा (मध्य प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि कुछ समय पहले मैंने अखबारों में पढ़ा था कि आप एक वाइस मेल बाक्स स्कीम शुरू करना चाहते हैं जिसके द्वारा आप उपभोक्ता को बिना टेलिफोन लिए ही टेलिफोन की सुविधा देना चाहते हैं जिसमें कि आप एक्सचेंज में एक आम जनता को बिना टेलिफोन लिए एक नंबर

देंगे जोकि कोई भी यूज कर सकता है और वहां पर मैसेज छोड़ सकता है और फिर आम जनता वहां से मैसेज ले सकती है बिना टेलिफोन लिए। तो इस तरह की क्या कोई स्कीम है? यदि है तो वह क्या स्कीम है और कब से उसे शुरु करने जा रहे हैं और वह कहां-कहां होगी, क्या शहरों में ही होगी या गांवों में भी होगी ? इस तरह की स्कीम आप कब तक लागू करेंगे, यह मैं जानना चाहूंगी ?

श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर (मध्य प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं सर्वप्रथम माननीय संचार मंत्री जी को हार्दिक बधाई देता हूं कि उन्होंने भारत के गांव के विकास की यात्रा को आगे बढ़ाते हुए टेलीफोन की सुविधाओं के माध्यम से एक जबरदस्त सहयोग दिया है और इस सहयोग से धन की बचत हुई है, समय की बचत हुई है। यह टेलीफोन के माध्यम से एक ऐसी सुविधा गांव को दी गई है, जिसकी वजह से हमारे ग्रामीण भाइयों की काफी प्रगति होगी और जल्दी होगी। इसके लिए मैं उनको बधाई देता हूं और हमारे आदरणीय पी. वी. नरसिंह राव जी को भी बधाई देता हूं कि उनकी मंशा के अनुसार आदरणीय पायलट जी ने यह क्रांतिकारी कदम उठाए हैं।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं मंत्री महोदय से तीन-चार बिन्दुओं पर क्लेरीफिकेशन चाहता हूं उन्होंने बताया है कि मार्च, 1995 तक, देश में जो 2 लाख 20 हजार के करीब पंचायतें है, उनको यह सुविधा प्रदान करने जा रहे हैं। तो जैसा आपने अपने स्टेटमेंट में कहा है कि वर्ष 1982 में 8,000 एक्सचेंज ग्रामीण अंचल में थे और वर्ष 1992 में वह 15,000 हो गए हैं, तो मैं जानना चाहता हूं कि वर्ष 1995 तक कितने एक्सचेन्जेज की आवश्यकता आपको पड़ने वाली है ? और, क्या यह उस समय तक उपलब्ध हो पायेंगे ?

दूसरा मैं आपसे एक निवेदन करना चाहता हूं कि यहां आपने यह संकल्प लिया है कि प्रत्येक पंचायत हेडक्वार्टर पर आप टेलीफोन की सुविधा मार्च, 1995 तक पहुंचाने जा रहे हैं, वहीं यह प्रावधान करने की कृपा करें कि एक हजार और उससे ज्यादा की आबादी का अगर कोई गांव उस पंचायत विशेष में है तो उसको भी यह सुविधा प्रदान की जाए ?

इसके साथ ही जो हमारे आतंकवाद से समस्याग्रस्त राज्य हैं, जैसे पंजाब, कश्मीर और असम, इनके लिए न केवल पंचायत आतंकवाद हेडक्वार्टर में, बल्कि मैं निवेदन करूंगा और मैं मंत्री महोदय से यह भी जानना चाहूंगा कि क्या वे इस निवेदन को स्वीकार करेंगे, कि प्रत्येक गांव में यह सुविधा प्रदान की जाए ताकि उस समस्या के निदान में इस टेलीफोन के माध्यम से जो सहयोग प्रदान हो सकता है, वह प्रदान किया जा सके।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं, जैसा अभी माननीय सदस्य ने कहा, जो खंबों की बात है और मेण्टीनेन्स की बात है, यह बात सच है और यह प्रश्न हमारे मन में भी है कि कार्यवाही त्वरित गति से चल रही है। मैं ग्रामीण अंचल से आता हूं, मैं बताना चाहता हूं कि गांव के लोगों में बहुत उत्साह और खुशी है। आपके विभाग की जो गतिविधियां हैं और जो कार्यवाही चल रही हैं, उसके लिए मैं बधाई आपको दे चुका हूं और देता भी हूं। साथ ही मैं आपसे यह अपेक्षा करता हूं कि बाद में मेंटीनेन्स के मामले को लेकर कुछ अधिकारी, कर्मचारियों की ढिलाई के कारण जो कार्य ठीक से नहीं हो पाता, तो मैं चाहूंगा कि जैसे मंत्री महोदय स्वयं चुस्त है, वैसे ही अपने विभाग को बनाकर इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं आने देंगे। इसमें भी मैं उनसे आश्वासन चाहता हूं।

अन्त में, महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि जो सुविधा उन्होंने गांवों को दी है, इसी प्रकार की सुविधा शहरों को दें ताकि उसके माध्यम से

[श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर]

जितने भी लोग टेलीफोन चाहने वाले हैं, उन सबको मिल सके क्योंकि लोग इसे अपने किराए पर लेना चाहते हैं। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि कब तक आप यह संपूर्ण सुविधा भारत के लोगों को प्रदान करने जा रहे है ? धन्यवाद।

SHRI SARADA MOHANTY (Orissa) : Sir, I would like to seek a clarification.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Already, 21 Members have sought clarifications.

SHRI RAJNI RANJAN SAHU : Sir, please allow him. He comes from a rural area. We all support him.

SHRI SARADA MOHANTY : This statement is in regard to telecommunications. I would like to know from the hon. Minister as to when he is going to come forward with a statement on postal services. What measures is he taking in regard to postal services ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : This is about telephone. How can you seek clarifications on postal services here ? Now, the hon. Minister please.

SHRI RAM AWADHESH SINGH (Bihar) : Sir, just one minute.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : You were not there when your name was called. Please take your seat. I have already called the Minister. Mr. Minister please.

श्री राजेश पायलट : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं सभी माननीय सदस्यों का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने अपने अपने विचार और बहुत अच्छे सुझाव दिए। ज्यादातर एक बात जो शांति त्यागी जी कह रहे थे कि हम समझ नहीं पाए कि ग्रुप डायलिंग क्या है ? उपसभाध्यक्ष जी, जैसे 6-7 एक्सचेंज किसी इलाके में हों, चाहे वह एक जिले में हों या दो जिलों में हों क्योंकि टेलीफोन एक्सचेंज के डिस्ट्रिक्ट जरूरी नहीं है कि रिवेन्यु डिस्ट्रिक्ट के हिसाब से हों। आज क्या होता है कि 6-7 एक्सचेंज एक जिले में हैं, एक एक्सचेंज से दूसरे एक्सचेंज तक बुक करना पड़ता है कि आप फलां जगह से फलां जगह तक के लिए काल बुक करें और फिर वह काल जब आती है तो बात होती है। यह सिस्टम जो हम ला रहे हैं इससे उन 6-7 एक्सचेंजों में डायरेक्ट डायलिंग हो जाएगी, आप एक जगह से दूसरी जगह पर सीधे बात कर सकेंगे। हम यह सुविधा देने जा रहे हैं क्योंकि काल बुक होती है तो मिलती नहीं है और फिर उसमें चार्जिज में भी गड़बड़ होती है और इससे एस० टी० डी० गांव तक जल्दी पहुंचेगी।

श्री शान्ति त्यागी : बहुत देर के बाद बात समझ आई।

डा० राजेश पायलट : मुझे भी बहुत देर में समझ आया था।

उपसभाध्यक्ष जी, तीन-चार मोटी-मोटी बातें हुई। एक तो सभी मैम्बरान ने कहा कि जहां इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज नहीं है, वहां यह कैसे होगा ? मैंने खुद कहा है कि यह सिस्टम सिर्फ इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज जहां पर हैं, वहीं पर डायनामिक लॉक की बात हुई और मीटरिंग की बात हुई। यह ज्यादातर वहीं हो पाएगा जहां इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज है।

एक बात टाइम के बारे में कही माननीय सदस्यों ने। हर जगह शिकायत थी कि हर बार काल इन्गेज मिलती है, जैसे हमारे माननीय सदस्य अहलुवालिया जी कह रहे थे कि हर बार जब डायल करो तभी यह खबर आती थी कि बहुत व्यस्त है। उसके और भी कारण हो सकते हैं, एक कारण यह होता है कि हम लोग जब टाइम की लिमिट नहीं है तो काफी देर तक लोकल एक्सचेंज इन्गेज रखते हैं। 5 मिनट हमने यह सोचकर रखा कि टेलीफोन पर 5 मिनट किसी भी काम के लिए काफी है। मैं भी

समझता हूं कि हिन्दुस्तान में आज सभी भाइयों के पास फोन नहीं है, कभी पड़ोस में फोन करना पड़ता है तो बुलाने के लिए लोग चले जाते हैं, जब वह आता है तब बात होती है, यह सोचकर हमने 5 मिनट रखा। रिकमेंडेशन 3 मिनट की थी लेकिन सभी माननीय सदस्यों का मन था कि 5 मिनट कम से कम हों तो हमने 5 मिनट से शुरुआत की हैं, आगे देखेंगे, आहिस्ता-आहिस्ता अगर सुविधा हुई तो। पीक आवर पर हमारी सबसे ज्यादा तकलीफ होती है, जब पीक ऑवर होते हैं तो उस वक्त सारी लाइनें इन्गेज चलती हैं। दूसरे देशों में सिस्टम है कि पीक ऑवर में चार्जिज ज्यादा होते है और जो लीन आवस है, उन पर थोड़े काम होते हैं, पर हमने अभी शुरू नहीं किया। हमारे देश में अभी यह सिस्टम चल नहीं पाएगा, हमने उस सिस्टम को अभी यह सिस्टम इग्नोर किया।

एक सबकी शिकायत बिल की थी कि बिल ज्यादा आते हैं। मैं इस बात से पूरी तरह से सहमत हूं कि बिलों में कहीं न कहीं गल्तियां हैं। कहीं कुछ स्वाभाविक भी है और कहीं हम लोग महसूस नहीं करते कि हमने कितनी देर बात की। जब बात करते हैं तो महसूस नहीं करते कि एस० टी० डी० का मीटर चल रहा है, लेकिन जब बिल आता है तो एकदम कहने लगते हैं कि साहब यह बहुत हो गया। तो एस० टी ०डी० डायनमिक लाक हमने इसलिए दिया है और मैंने डिपार्टमेंट में यह आदेश भी दिये हैं कि कोई भी भाई अगर डॉयनमिक लॉक चाहे एक्सचेंज का तो उसको दिया जाए, पर यह सिर्फ हम वहीं लगा सकते हैं जहां इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज का नम्बर हो और सारे देश में हर जगह टोटल इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज नहीं है। दिल्ली जैसी जगह में भी 100 प्रतिशत इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज नहीं है, यहां भी 70-75 परसेंट के करीब हैं। उम्मीद है कि अगले साल, डेढ़ साल में यहां 100 % इलेक्ट्रानिक एक्सजेंज हो जाएंगे। जहां तक मीटरिंग का सवाल है, हमारे डिपार्टमेंट से आज भी छूट है किसी भी सब्सक्राइबर को कि वह अपना मीटर अपने आप लगा ले, लेकिन मीटरिंग हमारे एक्सचेंज की होगी क्योंकि टेम्परिंग हो सकती है। जहां तक बिजली के बिल के मीटर की बात कही, गांव में, उपसभाध्यक्ष जी, क्या करते हैं कि कहीं-कहीं मीटर तो लगा रहता है लेकिन वह तार से सीधी बिजली ले लेते हैं, मीटर तक तो पहुंचने भी नहीं देते उसको। लेकिन फिर भी इन हालात में हम लोग इजाजत दे देंगे कि कोई भी भाई अपना इलेक्ट्रानिक मीटर लगाए, कम से कम चैकिंग के लिए तो सुविधा होगी कि हमारा बिल अगर एक लाख का है और उसका बीस का है तो हम पता कर पाएंगे कि गलती कहां है। वैसे आज सिस्टम यह है कि किसी भी सब्सक्राइबर को अगर 6 महीने तक 20 या 25 हजार तक बिल आता रहा है और उसको अगर एकदम से एक लाख का बिल आ जाए तो हमारा कानून है कि आप 20-25 हजार जमा करा दो और बाकी 70-75 हजार रुपया डिस्कशन के लिए फैसले के लिए डाल दो। हम एक लाख रुपया के लिए कभी जोर नहीं देते कि पहले एक लाख रुपया तुम जमा करो फिर बात करेंगे।जो पांच-छः महीने का औस्तन बिल हो एवरेज बिल हो उसको हम मानते हैं। यह भी सही बात है कि अगर 20-25 हजार रुपये का बिल हर महीने आए और फिर एकदम से किसी महीने दो लाख का आ जाए तो वह सब्सक्राइबर पर जोर वाली बात रहती है।

अगली बात कुछ लोगों ने मानिटरिंग की कही। भाई राम नरेश यादव जी ने कहा कि ये सब चीजें है तो बहुत अच्छी लेकिन मानिटर करनी बहुत जरूरी हैं। हम लोगों ने मानिटरिंग डिपार्टमैंट में शुरू की और हर सर्कल में मानिटरिंग की और इसका इतना असर पड़ा उपसभाध्यक्ष जी, कि आजादी के बाद कभी एक, साल में 4 लाख 50 हजार या 4 लाख 80 हजार से ज्यादा कनेक्शन कभी देश में नही लगे, लेकिन हर जिले पे मानिटर किया, हर सर्कल पे मानिटर किया और इस साल हमने 7 लाख 32 हजार टेलीफोन देश में लगाए

[श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर]

8.00 P.M.

जो सबसे बड़ा रिकार्ड था। जैसा अभी हमारे माननीय सदस्य भाई सुरेन्द्र जी कह रहे थे कि 31 मार्च, 1995 तक गांव-गांव में टेलीफोन लगाने का हमने एनाउंस तो किया, लेकिन 8 हजार से 15 हजार एक्सचेंज हुई है, तो आगे कैसे होगा? यह तो गांव की एक्सचेंज है जहां 20-20 टेलीफोन एक गांव में हैं। वह एक्सचेंज 8 हजार से 15 हजार हुई हैं। लेकिन हमने फैसला किया है कि इस देश के 100 गांव हम रोज के पी० सी० ओज० के साथ जोड़ते हैं और इतना बढ़ावा मिला उपसभाध्यक्ष जी, कि जब मैं मंत्री बना था और मैंने रिकार्ड पढ़े तो पिछले 45 साल में अब तक सिर्फ 42 हजार गांवों को हम जोड़ पाये थे। जब हमने आदेश दिया कि 100 गांव रोज के जुड़ेंगे और 31 मार्च, 1995 तक पूरे होंगे तो आज पिछले 6-7 महीनों में हम 22 हजार गांव जोड़ पाये हैं। 45 साल में कहां 42 हजार और अब 6-7 महीनों में 22 हजार। 100 गांव रोज जोड़ने की हमारी स्कीम चालू है। हर रोज मोनिटरिंग मंत्रालय में होती है और मैं खुद मोनिटरिंग करता हूं। जिस दिन मुझे 100 में से 80 नजर आते हैं तो उस दिन मैं लिख देता हूं कि 80 क्यों हुए। लेकिन जब कभी वे 500 कर देते हैं तो एक हफ्ते का वह पूरा कर देते हैं। आन दि ऐवरेज हम 100 को लेकर चल रहे हैं।

कुछ बात सन्तोष बागड़ोडिया जी ने कही कि जैसे दूसरे देशों में कलक्ट कॉल्स का सिस्टम है, हमारे यहां भी होना चाहिए। मुझे अभी इसकी पूरी जानकारी नहीं है कि यह क्यों नहीं है। मैं इसे देखकर माननीय सदस्य को डायरेक्ट जवाब दे दूंगा कि क्या कारण है और क्यों नहीं हो पा रहा है। रत्नाकर जी ने भी वही बात कही थी-विलेज पंचायत की, जो मैंने अभी जवाब दिया। दूसरे, वाराणसी एक्सचेंज के बारे में कहा है। मैं उसे व्यक्तिगत दिखलवाऊंगा और जो आई० टी० आई० की बात है उपसभाध्यक्ष जी, अभी 6 की 6 आई० टी० आई० सभी आटोनोमी बॉडी हैं। उनको खूब ऑटोनोमी दी गयी है। लेकिन एक साथ रखने के फायदे भी हैं और नुकसान भी हैं। फायदे यह हैं कि रिसर्च एंड डवलपमेंट जो इस सेक्टर में बहुत जरूरी है, अभी तो हम एक जगह रिसर्च करके 6 की 6 को सलाह दे देते हैं कि टैक्नोलोजी के बारे में ऐसा करो। अगर बिल्कुल अलग-अलग आटानोमी करके कहेंगे तो हर जगह इन्वेस्टमेंट थोड़ा और बढ़ाना पड़ेगा। लेकिन जितनी लेटेस्ट टैक्नोलोजीहै वह 6 की 6 में बराबर बांटकर हम लोग मौडर्न टेक्नोलोजी उन सब को दे रहे हैं और ऑटोनोमी देकर उन्हें और हक दे रहे हैं कि वह ज्यादा कर सकें।

भाई सलारिया जी ने कहा पांच मिनट का जो समय है वह बढ़ाना चाहिए। पांच मिनट का बहुत जेन्युअन और रिजनेबिल समय उन लोगों ने दिया है। ज्यादातर शिकायतें आई कि थोड़ें प्रोसीजर्स हमारे यहां अभी भी गलत हैं। जैसा एक माननीय सदस्य ने कहा कि उनके ट्रांसफर में ही एक साल लग गया। फिर एस० टी० डी० लॉक करने में टाईम लगा। हम इन प्रोसिजर्स को काफी हद तक सुधार रहे हैं। आपने अखबारों में पढ़ा होगा कि हमारे विभाग ने एक सोशल ऑडिट पैनल की शुरुआत की है। इसमें रिटायर्ड चीफ जस्टिस भगवती जी, जर्नलिस्ट खुशवंत सिंह, एयर मार्शल, एडमिरल चौपड़ा और डा० भास्कर राव हैं। इन पांच आदमियों का एक पैनल बनाकर और बी० जी० देशमुख जो रिटायर्ड केबिनेट सक्रेटरी हैं, इन सबका कांबिनेशन हमने किया है। इसमें टैक्नीकल आदमी भी हो, एडमिनिस्ट्रेटर भी हो, जुडिशियल भी हो और ब्यूरोक्रेट भी हो और यह सब मिलकर इनको टोटल पावर्स दी हैं कि कहीं देश के कोने में जायें और जहां लोगों की शिकायत हो और वहीं पर सरकार की तरफ से जो फैसला यह लेंगे, हम उसे मान्य करेंगे। इस प्रकार की हमने इनको पावर्स देकर सारे देश में जाने के लिये कहा है,

ोंकि कुछ बातें अभी हमारे पास तक सीधी
ीं पहुंच पाती । हालांकि हमारा विभाग ऑपन
ऊस डिस्ट्रिक्ट लेबिल पर जो हमारे टेलीफोन
डिस्ट्रिक्ट हैं वहां पर, सर्किल लेबिल पर और
खुद भी सारे बोर्ड के आफिसर्स बोर्ड एंड पोस्टल
र्ड को लेकर स्टेट हैडक्वार्टर्स पर जाकर वहां
चीफ मिनिस्टर साहब से, वहां की पब्लिक
वहां के ब्यूरोक्रेट से जो डिस्ट्रिक्ट लेबिल तक
इल करते हैं उनसे सीधी बात हम करते हैं कि
पकी समस्या क्या है । हमारे लोकल आफिसर्स
ों होते हैं, कम्युनिकेशन बोर्ड के मेंम्बर्स वहीं
े हैं और मैंने पिछली बार मीटिंग में कहा था
जब आफिसर फील्ड में होते हैं तो रिकमण्ड
देते हैं और जब वही आफिसर हैडक्वार्टर्स
आ जाते हैं तो उसे रिलेक्ट कर देते हैं ।
। आफिसर अपनी रिकमण्डेशन हैडक्वार्टर्स में
कर अन-फिजिबिल कर देते हैं । तो यह
युनिकेशन गैप दूर हो जाता है जब हम आमने-
ने बात करते हैं। सारा टैलीकाम बोर्ड, चेयर-
और सारे बोर्ड, पोस्टल बोर्ड, हम वहीं
ै फैसले लेकर देश की समस्याएं दूर कर देते
जिससे कौरसपोंडेंस न हो और हमारी
स बराबर चलती रहे ।

ीणा जी ने वॉयस मेल बॉक्स के लिये पूछा
यह दिल्ली में जल्दी शुरू होने वाली है और
लोग चाहेंगे कि यह और जगह भी शुरू हो
। माननीय सदस्य सुरेन्द्र जी ने कहा कि पंजाब
ाम और जम्मू-कश्मीर में पंचायत ही तक
गांव-गांव तक हो । इन तीनों प्रदेशों के लिये
एक अलग टास्क फोर्स बनायी है । वहां
ाायोरिटी दे रहे हैं । हम उम्मीद करते हैं कि
ज्यादातर अगले एक साल; डेढ़ साल तक
गांव में हम लोग यह सुविधा दे पायेंगे
खासकर पंजाब, असम और जम्मू कश्मीर में ।
जम्मू-कश्मीर में हमारी हालत थोड़ी खराब है
लॉ एंड आर्डर सिचुऐशन की वजह से । इसलिए
उतना नहीं बढ़ा पा रहे हैं जितना हमारा
मन है ।

ज्यादातर सभी सदस्यों ने विभाग के बारे
में सहरानीय अलफाज कहे । मैं विभाग की
तरफ से उनका आभारी हूं और हम कोशिश
करेंगे कि उनका आशीर्वाद और गाइडेंस हमें
मिलती रहे ।

दूसरी बात रत्नाकर जी ने बिल की कही
हम लोगों ने एस० टी० डी० फैसिलिटीज दोनों
हाऊस में दे रखी हैं जब हाऊस चलता है और
जहां तक बाकी दिनों की बात है, वह पार्लिया-
मेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर के तहत आता है ।
मैं चाहूंगा कि रत्नाकर जी पार्लियामेंटरी
अफेयर्ज मिनिस्टर से बात कर लें । जो भी आदेश
होगा, उसे हम पूरा करेंगे ।

एक बात फिर मैं विभाग की तरफ से हाऊस
के सभी माननीय सदस्यों का शुक्रिया अदा करता
हूं और उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि हम पूरा
काम इस तरीके से करेंगे कि जो पब्लिक सर्विस
विभाग की तरफ से हो और पब्लिक यह महसूस
करे कि सेवा भावना, वर्किंग कल्चर में इतनी
इंप्रूवमेंट आए कि लोग उसकी सराहना करते रहें ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : The House is adjourned till 11.00 a.m. tomorrow.

The House then adjourned at seven minutes past eight of the clock till eleven of the clock on Wednesday, the 13th May, 1992.